15th August स्वतंत्रता दिवस
www.pratidinakhabar.com प्रतिदिन अखबार
जश्न-ए-आजादी
अमरावती, बुधवार, 15 अगस्त 2018

Think - Home Theatre
Think - केडिया

क्विकर

कश्मीर सीमा पर दो पाक सैनिक ढेर

जम्मू,एजेंसी, 14 अगस्त- स्वतंत्रता दिवस पर भी पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा है. कुपवाड़ा के टंगडार सेक्टर में हुई गोलीबारी में पाकिस्तान के दो सैनिक मारे गये हैं. रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता कर्नल राजेश कालिया ने बताया-भारतीय सेना ने संघर्षविराम के उल्लंघन और तंगधार में पाकिस्तान सेना द्वारा घुसपैठ करने की बार-बार कोशिश का करारा जवाब दिया.हमारी सेना ने कल रात ऑपरेशन चलाया, जिसमें दो पाकिस्तानी सैनिक मारे गए.बता दें, पाकिस्तान की ओर से मंगलवार सुबह टंगडार सेक्टर में एलओसी के साथ सटी भारतीय सेना की अनिल, चेतक और ब्लैक रॉक चौकियों व उनके दायरे में आने वाली अग्रिम नागरिक बस्तियों को निशाना बनाया गया और गोलीबारी की गई.

यौन शोषण में डीपीओ गिरफ्तार

हाजीपुर ,एजेंसी, 14 अगस्त-हाल ही में बिहार के हाजीपुर में एक शॉर्ट स्टे होम में रहने वाली लड़कियों के साथ यौन शोषण के मामले में आरोपी और हाजीपुर डीपीओ (डिस्ट्रिक्ट प्रोबेशन अधिकारी) मनमोहन प्रसाद सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. पता चला कि डीपीओ अधिकारी मनमोहन प्रसाद सिंह शेल्टर होम जांच करने आते थे और यहां अल्पावास गृह में रहने वाली लड़कियों के साथ अश्लील हरकत करते थे.इतना ही नहीं पीड़िताओं को मुंह खोलने पर जान से मारने की धमकी दी जाती थी. लड़कियों का कहना है कि आरोपी अधिकारी अकेले कमरे में आ जाते थे और हाथ पैर दबाने का दबाव बनाते थे और फिर अश्लील हरकतें करते थे.

राहुल 1500 प्रोफेसरों को करेंगे संबोधित

दिल्ली ,एजेंसी, 14 अगस्त-2019 लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटे कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी समाज के हर वर्ग को साधने में जुटे हैं. पिछले कई दिनों में उन्होंने रैलियों को संबोधित किया है, अब राहुल हर वर्ग के साथ जुड़ने की रणनीति पर काम कर रहे हैं.

इसी कड़ी में राहुल गांधी आने वाली 18 अगस्त को देश के करीब 1500 प्रोफेसरों को संबोधित करेंगे. ये कार्यक्रम राजधानी दिल्ली के सिविक सेंटर में होगा. जिसमें राहुल देशभर से आए प्रोफेसरों को संबोधित करेंगे.

लद्दाख में घुसी चीनी सेना

400 मीटर भीतर गाड़े 5 तंबू

लद्दाख, एजेंसी, 14 अगस्त- भारत और चीन के बीच सीमा विवाद पुराना है, जिसे लेकर कई बार दोनों देशों के सैनिकों के बीच तनातनी की खबरें भी आ चुकी हैं. अब खबर आयी है कि हाल ही में एक बार फिर चीन के सैनिक भारत की सीमा में 300-400 मीटर अंदर तक घुस आए है और उन्होंने बाकायदा भारतीय सीमा में 5 टैंट भी गाड़ दिए.. यह घटना पूर्वी लद्दाख के डेमचोक सेक्टर में घटी है.

मंगलवार को सुरक्षा से जुड़े सूत्रों ने स्पष्ट किया है कि ब्रिगेडियर स्तर की बातचीत के बाद चीनी सेना ने चेरदांग-नेरलांग इलाके में गाड़े गए अपने 5 तंबूओं में से 3 उखाड़ लिए हैं, हालांकि 2 तंबू अभी भी वहां मौजूद है और उनमें कुछ चीनी सैनिक भी मौजूद हैं. वहीं इस मुद्दे पर भारतीय सेना ने कोई टिप्पणी करने से इंकार कर दिया है. सूत्रों के अनुसार, चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के जवान कुछ खानाबदोश लोगों के जानवरों का पीछा करते हुए जुलाई के पहले हफ्ते में भारतीय सीमा में दाखिल हुए थे और उसके बाद से वापस नहीं लौटे हैं.

कई बार बैनर ड्रिल

बताया जा रहा है कि भारतीय सेना के जवानों ने चीनी सैनिकों के सामने कई बार बैनर ड्रिल कर उन्हें वापस जाने को कहा. लेकिन चीनी सैनिकों पर इसका कोई खास असर नहीं हुआ. इसके बाद भारत ने ब्रिगेडियर स्तर की बातचीत के लिए चीन पर दबाव बनाया, जिसके बाद कुछ चीनी सैनिक वापस अपनी सीमा में चले गए हैं.

1. लद्दाख प्रशासन नेरलांग इलाके में एक रास्ते का निर्माण कर रहा है, जिसके विरोध में चीनी सैनिकों ने शिकायत की है.
2. लद्दाख का डेमचोक सेक्टर भारत और चीन के बीच 23 संवेदनशील इलाकों में से एक है.
3. पूर्वी लद्दाख से अरुणाचल प्रदेश की ओर जाती सीमा पर लगातार दोनों देशों के सैनिकों के बीच तनातनी की खबरें आती रहती हैं.

उमर पर हमले का मामला ट्रांसफर

दिल्ली,एजेंसी, 14 अगस्त- जेएनयू छात्र नेता उमर खालिद पर सोमवार सुबह किसी अज्ञात शख्स ने जानलेवा हमला कर दिया था. आज दिल्ली पुलिस ने ये मामला स्पेशल सेल को ट्रांसफर कर दिया है.इससे पहले हमलावर की तस्वीर दिल्ली के विठ्ठलभाई पटेल रोड पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई. सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद पुलिस संदिग्ध की तलाश में जुट गई है.पुलिस की मानें तो मामले में अहम सुराग हाथ लगे हैं, इसके आधार पर तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है. वहीं आरोपी जो पिस्टल फेंककर फरार हुआ है वह 7.65 बोर की है. सूत्रों का कहना है कि गोली पिस्टल में फंसी हुई है. विशेषज्ञों की टीम जांच कर रही है कि गोली चली थी या नहीं.

आज से बदल जाएगा...

300 ट्रेनों का समय

दिल्ली, एजेंसी, 14 अगस्त-रेलवे ने 300 ट्रेनों का टाइम बदल दिया है. नया टाइम टेबल 15 अगस्त यानी कि कल से लागू हो जाएगा. नए टाइम टेबल के मुताबिक 57 ट्रेनों के चलने का समय जल्दी कर दिया गया है. वहीं 58 ट्रेनों के डिपार्चर का समय पोस्टपोंड किया गया है. इसके अलावा 102 ट्रेनें अब जल्दी पहुंचेंगी और 84 ट्रेनों के पहुंचने के समय को पहले निर्धारित समय के बाद किया गया है. नए टाइम टेबल के मुताबिक कई शताब्दी, राजधानी, दुरंतो, महामना, हमसफर एक्सप्रेस ट्रेनों का समय बदल गया है.जिन ट्रेनों का डिपार्चर टाइम जल्दी किया गया है उनमें तेजस एक्सप्रेस, इंटरसिटी एक्सप्रेस और कई मेल ट्रेन शामिल हैं. नए टाइम टेबल के मुताबिक ट्रेनों के समय में 5 मिनट से लेकर 2 घंटे 30 मिनट तक का बदलाव किया गया है.

मेहुल का प्रत्यर्पण नहीं

एंटीगुआ ने भारत को दिया झटका

दिल्ली, एजेंसी, 14 अगस्त- पीएनबी बैंक से साढ़े तेरह हजार करोड़ के घाटोले में आरोपी मेहुल चोकसी को भारत लाने की सरकार की कोशिशों को बड़ा झटका लगा है. दरअसल एंटीगुआ सरकार ने मेहुल चोकसी को गिरफ्तार कर भारत भेजने से इंकार कर दिया है.एंटीगुआ के विदेश मंत्री ई पी चेट ग्रीन ने एक बयान में कहा कि उनकी भारत के साथ कोई प्रत्यर्पण संधि नहीं है. साथ ही एंटीगुआ ने नियमों के मुताबिक ही मेहुल चोकसी को नागरिकता दी है. ऐसे में उनको भारत प्रत्यर्पित नहीं किया जाएगा.

गिरफ्तार कर भेजने से किया मना

बता दें कि फर्जी एलओयू से पीएनबी बैंक में घोटाले का आरोपी मेहुल चोकसी गीतांजली जेम्स कंपनी का मालिक है और घोटाले के बाद देश छोड़कर फरार हो गया था. मेहुल चोकसी हाल ही में अमेरिका से एंटीगुआ पहुंचा था, जहां उसने वहां की नागरिकता ले ली थी.बहरहाल अब इस पूरे मामले पर एंटीगुआ ने भारत सरकार को बड़ा झटका देते हुए मेहुल चोकसी के प्रत्यर्पण से साफ इंकार कर दिया है.

तैयारी जश्न-ए-आजादी की

दिल्ली : बुधवार को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर मुख्य राष्ट्रीय समारोह यहां के ऐतिहासिक लाल किला एवं परिसर में होगा. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लाल किले की प्राचीर से देशवासियों को सम्बोधित करेंगे. इसकी पूर्व संध्या मंगलवार को यहां पूरे दिन तैयारियां जारी रही.

छग के राज्यपाल टंडन का निधन



दिल का दौरा पड़ा

रायपुर,एजेंसी, 14 अगस्त- छत्तीसगढ़ के राज्यपाल बलरामजी दास टंडन का निधन हो गया है. हार्ट अटैक आने के बाद उन्हें आंबेडकर अस्पताल में भर्ती कराया गया था. डॉक्टरों की कोशिश के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका है. मुख्यमंत्री रमन सिंह ने राज्यपाल के निधन की खुद मीडिया को जनाकरी दी. प्रदेश में 7 दिन का राजकीय शोक घोषित कर दिया गया है. बलरामजी दास टंडन 25 जुलाई 2014 को छत्तीसगढ़ के राज्यपाल बने थे. टंडन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक और पंजाब से भाजपा के नेता भी रह चुके हैं.वह 1969-70 के दौरान अकाली दल-जन संघ मंत्रालय में पंजाब के उपमुख्यमंत्री थे. उन्होंने 1977-79 में और 1997-2002 में प्रकाश सिंह बादल की अध्यक्षता में मंत्रालयों में कैबिनेट मंत्री के रूप में भी कार्य किया. टंडन 1951 में जनसंघ के संस्थापक सदस्य थे और 1951 से 1957 तक पंजाब जनसंघ के सचिव और 1995-97 से पंजाब भाजपा के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया. वह 1960, 1962, 1967, 1969 और 1977 में अमृतसर से पंजाब विधान सभा के लिए चुने गए और 1997 में राजपुरा से चुने गए. वे 1975 में आपातकाल के दौरान जेल भी गए.

मास्टर ज्ञान का वीडियो

रुपया में गिरावट पर राहुल का ट्वीट : दिखाया पीएम मोदी का पुराना वीडियो

दिल्ली, एजेंसी, 14 अगस्त-रुपये में ऐतिहासिक गिरावट के बाद अब एक डॉलर 70 रुपए के बराबर हो गया है. उम्मीद के अनुसार इस पर कांग्रेस और विपक्षी पार्टियां केंद्र सरकार पर हमलावर मूड में हैं. कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने भी पीएम मोदी का एक पुराना विडियो ट्वीट कर रुपया में गिरावट को लेकर केंद्र सरकार पर तंज कसा है. दरअसल विडियो उस वक्त का है जब पीएम मोदी गुजरात के सीएम थे.

राहुल ने ट्वीट किया-भारतीय रुपया ने सुप्रीम लीडर को ऐतिहासिक गिरावट के साथ नो कॉन्फिडेंस दे दिया है. सुप्रीम लीडर का अर्थव्यवस्था पर मास्टर ज्ञान इस विडियो में सुनिए, जहां वह रुपये के लगातार अवमूल्यन के कारण समझा रहे हैं. इससे पहले कांग्रेस नेताओं और आम आदमी पार्टी ने भी रुपया में गिरावट पर पीएम से सवाल पूछे.

सरकार का दावा

केंद्र सरकार ने इस ऐतिहासिक गिरावट के बाद भी कहा है कि अर्थव्यवस्था अपनी रफ्तार से चल रही है. वित्त मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को बयान जारी कर कहा कि लोगों को इससे घबराने की जरूरत नहीं है. सरकार का मानना है कि कुछ दिनों में रुपया फिर से मजबूती हासिल कर लेगा.

आज मोदी केयर का ऐलान

पीएम का लाल किले से सम्बोधन

दिल्ली, एजेंसी, 14 अगस्त- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर चुनिंदा जिला अस्पतालों में आयुष भारत की पायलट परियोजनाओं की घोषणा करेंगे.

25 सितंबर से इस योजना का पूरा रोल-आउट घोषित होने की उम्मीद है.आयुष्मान भारत को मोदीकेयर के रूप में भी जाना जाता है. यह इस साल फरवरी में भारत सरकार द्वारा शुरू की गई राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा नीति है.

5 लाख तक कवरेज

इस महत्वाकांक्षी हेल्थकेयर पॉलिसी के तहत 10 करोड़ से अधिक गरीब और कमजोर परिवारों (लगभग 50 करोड़ लाभार्थियों) को माध्यमिक और तृतीयक देखभाल अस्पताल में प्रति वर्ष 5 लाख रुपये तक कवरेज प्रदान करने का वादा किया गया है.इस योजना के लाभ पूरे देश में पोर्टेबल हैं.

इस योजना के तहत लाभार्थी को देश भर के किसी भी सार्वजनिक / निजी सूचीबद्ध अस्पतालों से नकद रहित लाभ लेने की अनुमति दी जाएगी.

मर्डर मामले की सुनवाई कर रहे ...

जज ने मांगी सुरक्षा

दिल्ली,एजेंसी, 14 अगस्त- गुजरात में कार्यकर्ता अमित जेठवा की हत्या के मामले की सुनवाई कर रहे सीबीआई के विशेष जज के.एम. दवे ने खुद के और अपने परिवार के लिए चौबीसों घंटे सुरक्षा मुहैया करने की मांग की है. इस मामले में भाजपा के एक पूर्व सांसद आरोपी हैं.मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए दवे ने सुरक्षा की मांग की है. असल में इस मामले के मुख्य आरोपी भाजपा के जूनागढ़ से पूर्व सांसद दीनू बोघा सोलंकी हैं और वह फिलहाल जमानत पर हैं.अपने लेटर में प्रिंसिपल जज ने यह कहा है कि स्पेशल जज के.एम. दवे आरटीआई एक्टीविस्ट अमित जेठवा की हत्या के मामले जैसे संवेदनशील मुकदमे की सुनवाई कर रहे हैं. इसलिए उनके आवास पर अर्द्धसैनिक बलों की तैनाती कर उन्हें पर्याप्त सुरक्षा मुहैया कराई जाए.केंद्र सरकार ने हाल में उनकी सुरक्षा व्यवस्था के आकलन का आदेश भी दिया है. आईबी ने यह आकलन किया है और इस रिपोर्ट के आधार पर ही उन्हें सुरक्षा दी जाएगी.गौरतलब है कि इस मुकदमे की शुरूआत के बाद से ही एक-एक करके गवाह मुकरते जा रहे हैं. कुल 195 में से 105 गवाह मुकर चुके हैं. हाईकोर्ट ने पहले के विशेष जज दिनेश पटेल को हटाकर नए सिरे से मुकदमा चलाने का निर्देश दिया है.

पत्नी ने की पुलिस से शिकायत, तो..

लगाई लाइव फांसी

बेंगलुरु, एजेंसी, 14 अगस्त-कर्नाटक के तुमकूर जिले में नवविवाहित किसान ने शनिवार को अपने घर पर फांसी लगाकर जान दे दी. यही नहीं, उसने पूरी घटना का फेसबुक लाइव तक किया. तुमकूर के तुरुवकेरे में रहने वाले 25 साल के मोहन गौड़ा ने फेसबुक लाइव करते हुए बताया कि उन्होंने 5 साल तक अपनी पत्नी को मनाने की कोशिश की और उनके परिवार की नाराजगी के बाद भी जून में शादी की. उन्होंने आरोप लगाया कि उनके ससुर की वजह से उनकी शादी खतरे में पड़ गई थी. उन्होंने फांसी लगाने से पहले अपनी पत्नी और ससुर से कहा कि उनकी मां का श्राप दोनों को जला देगा.पुलिस ने मोहन की पत्नी रूपा (22) और ससुर को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में हिरासत में लिया है.

क्या है लव स्टोरी

मोहन और रूपा एक दूसरे से प्यार करते थे और मंदिर में शादी कर ली थी. दोनों के परिवार जाति अलग होने की वजह से शादी के खिलाफ थे. दोनों ने कुछ दोस्तों के सामने शादी की थी.दोनों मोहन के घर में रहते थे. रूपा के परिवार ने उनके पिता की तबीयत खराब होने की बात कहकर उन्हें घर बुला लिया लेकिन वापस नहीं भेजा.

बाद में रूपा की ओर से पुलिस में शिकायत कर दी गई कि मोहन ने उनसे बिना उनकी मर्जी के शादी की थी. इस बात से आहत मोहन ने फेसबुक लाइव करते हुए आत्महत्या कर ली.